दिनांक 16.08.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ स्वतंत्रता दिवस के 73वें वर्षगाठ पर नगर पालिक निगम, भिलाई में पूरे सम्मान से लहराया राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा। सुपेला निगम कार्यालय प्रांगण में महापौर एवं विधायक देवेन्द्र यादव, आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने ध्वजारोहण के अवसर पर 25 वर्ष सेवाकाल पूर्ण कर चुके कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किये।
महापौर श्री यादव ने इस अवसर पर कहा कि हमारा उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निदान करने का है। हम लोगों के नागरिक सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए एक्सप्रेस सेवा का शुरुआत किये हैं जिसके माध्यम से सभी तरह के प्रमाण-पत्र आॅनलाईन प्राप्त किये जा सकते हैं। स्वच्छता में भिलाई का स्थान देश में 11वें नम्बर पर रहा है हमारी कोशिश भिलाई को पहले नम्बर पर लाने की होनी चाहिए जिसके लिए संयुक्त प्रयास आवश्यक है। आयुक्त श्री रघवंशी ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए अपने कर्तव्यों के प्रति सदैव सजग रहने को कहा।

जनसम्पर्क अधिकारी